भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 2034
09 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए
सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना

2034. श्री बैन्नी बेहनन:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना को लागू करने के लिए बोली प्रक्रिया शुरू करने से पहले एक विस्तृत विरासत लेखापरीक्षा आयोजित की गई थी;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या यह परियोजना दिल्ली मास्टर प्लान के विरासत संबंधी दिशानिर्देशों को पूरा करती है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इस परियोजना को जारी रखने के क्या कारण हैं?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) से (घ) : सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना एक अकेली परियोजना नहीं है। इसके विभिन्न घटक हैं और यूनिफाइड बिल्डिंग उप-नियम 2016 के तहत जहां भी आवश्यक हो, पृथक-पृथक परियोजनाओं के लिए विरासत संरक्षण समिति (एचसीसी) की मंजूरी ली जाती है। नए संसद भवन के निर्माण, सेंट्रल विस्टा एवेन्यू के पुनर्विकास और कॉमन केंद्रीय सचिवालय भवनों के निर्माण के लिए विरासत संरक्षण समिति की मंजूरी प्राप्त कर ली गई है।

*****